रोहतक
सोमवार, 29 दिसंबर 2025
पौष मास शुक्ल पक्ष,
दशमी वर्ष : 29, अंक : 330
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

**मौसम**
अधि. 23.9
न्यून. 2.5

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




# सीजन की सबसे ठंडी रात, हिसार में पारा 2.5 डिग्री पर बूंदाबांदी और भीषण ठंड से होगा नए साल का स्वागत

***10 जिलों में छाया घना कोहरा, रेंग कर चले वाहन, जींद और गुरुग्राम में पारा 3.5 डिग्री***

**हरिभूमि टीम (हरियाणा)।** प्रदेश भर में पड़ रही ठंड व धुंध का प्रकोप कुछ दिनों तक रहने का अनुमान है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि नए साल का स्वागत हल्की बारिश और हाड़ कंपा देने वाली ठंड से होगा। हिसार सहित कई जिलों में न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे रहा। शनिवार-रविवार की दरमियानी रात हिसार में इस सीजन की सबसे ठंडी रात रही। इस दौरान न्यूनतम पारा 2.5 डिग्री दर्ज किया गया। इस समय प्रदेश के कई जिले भयंकर ठंड की चपेट में हैं। दिसंबर में एक के बाद एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में केवल मौसम परिवर्तनशील बना रहा, लेकिन बारिश नहीं हुई।

**पारा मीटर**

| शहर | पारा |
|---|---|
| हिसार | 2.5 |
| गुरुग्राम | 3.4 |
| जींद | 3.4 |
| पानीपत | 4.3 |
| महेंद्रगढ़ | 4.5 |
| नारनौल | 5.0 |
| रोहतक | 5.8 |
| कैथल | 5.9 |
| मेवात | 6.0 |
| भिवानी | 6.0 |

*पारा डिग्री सेल्सियस में*

कोहरे से दृश्यता जीरो, आज भी 10 जिलों में अलर्ट



***18 साल में पहली बार दिसंबर का महीना बिल्कुल शुष्क बना रहा। सिर्फ पहाड़ों पर बर्फबारी हुई, मैदानी भाग सूखे रहे***

## 23 राज्यों में घने कोहरे का अलर्ट

23 राज्यों में घने कोहरे का अलर्ट है, इसका असर ट्रेनों और फ्लाइट्स पर नजर आ रहा है। रविवार को 13 फ्लाइट रद्द की गई। डीजीसीए ने 10 दिसंबर से 10 फरवरी तक को फॉग विंडो घोषित किया है।

## अब बदलेगा प्रदेश का मौसम

मौसम वैज्ञानिक डॉ मदन खिचड़ के अनुसार आने वाले दिनों में हरियाणा एनसीआर में मौसम में बदलाव होने की संभावना है। एक मध्यम श्रेणी का पश्चिमी विक्षोभ 30-31 दिसम्बर को उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय होने से उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर भारी बर्फबारी होने की और मैदानी राज्यों में विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में 31 से 2 जनवरी के दौरान हल्की से मध्यम बारिश और कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी व उत्तरी जिलों में एक दो स्थानों पर ओलावृष्टि को नकारा नहीं जा सकता। 31 की रात से मौसम में बदलाव व 1 जनवरी अलसुबह से एनसीआर में 60-70 प्रतिशत क्षेत्र में कहीं हल्की कहीं मध्यम बूंदाबांदी देखने को मिलेगी।

## बरसात और ठंड कृषि क्षेत्र के लिए फायदेमंद

बरसात व ठंड को कृषि क्षेत्र के लिए फायदेमंद माना माना जा रहा है, वहीं इससे आम जनजीवन प्रभावित होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा रहा। फिलहाल शीत लहर चलने और सूखी ठंड पड़ने की संभावना से धरतीपुत्र चिंता में है लेकिन आने वाले समय में हल्की बरसात व उसके बाद के मौसम से उनकी फसलें अच्छी होने की उम्मीद है। सूखी ठंड से गेहूं, सरसों, बरसीम सहित अन्य कई फसलों और सब्जियों पर असर पड़ सकता है।

# वाघशीर में सवार हुईं राष्ट्रपति मुर्मू

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को पश्चिमी तट पर भारतीय नौसेना की अग्रिम पंक्ति की पनडुब्बी आईएनएस वाघशीर पर सवार होकर समुद्री यात्रा कीं। मुर्मू पनडुब्बी पर सवार होकर यात्रा करने वाली दूसरी राष्ट्रपति हैं। इससे पहले फरवरी 2006 में राष्ट्रपति अब्दुल कलाम ने नौसेना की पनडुब्बी से समुद्री यात्रा की थी। इस दौरान नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी भी उनके साथ मौजूद थे।

### ऐसी है वाघशीर पनडुब्बी

- पी75 स्कॉर्पीन की छठी व अंतिम पनडुब्बी, इस वर्ष जनवरी में नौसेना में शामिल किया गया
- यह दुनिया की सबसे शांत और बहु उद्देशीय डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों में से एक है
- वायर-गाइडेड टॉरपीडो, पोत रोधी मिसाइलों व सोनार प्रणालियों से लैस, यह पनडुब्बी मॉड्यूलर निर्माण तकनीक पर आधारित

## नूंह में 6 नकाबपोश बदमाशों ने की बड़ी वारदात

# ज्वेलरी शॉप में चोरी, गठरी में बांधकर ले गए सोना व चांदी

### सभी चोर सीसीटीवी में कैद, सोने और चांदी की कीमत करोड़ों में | सीसीटीवी पर ब्लैक स्प्रे कर अल सुबह 3:30 बजे दुकान में घुसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नूंह

सूबे के नूंह में बदमाशों ने ज्वेलरी शॉप से करोड़ों की ज्वेलरी चोरी कर ली। 6 बदमाश शोरूम में ब्लैक मास्क लगाकर पहुंचे। सभी हथियारों से लैस थे। दुकान का शटर तोड़कर अंदर रखी सोने-चांदी की ज्वेलरी लेकर फरार हो गए। इस इस घटना का एक सीसीटीवी सामने आया है, जिसमें बदमाश चोरी का सामान गठरियों में बांधकर ले जाते दिख रहे हैं। ज्वेलर हरिओम सोनी बताया कि शनिवार रात में दुकान का ताला बंद कर घर गए थे, इसके बाद दुकान का ताला टूटने की सूचना मिली। पुलिस ने ज्वेलर की शिकायत पर अज्ञात केस दर्ज कर लिया है। पुलिस फुटेज से आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।


ऐसे पहुंचे बदमाश


आभूषणों को समेटते बदमाश


और गठरी में बांध चलते बने

### चेहरे पर मास्क लगाकर घुसे

पिनगवां कस्बे के मेन बाजार में शनिवार-रविवार करीब 3 बजे की घटना है। आसपास के दुकानदारों ने मालिक को सूचना दी। बदमाश शॉप के पास की एक पतली गली से आए। सबने शॉल व मास्क से चेहरे ढके थे। एक ने पीठ पर नीले कलर का बैग भी टांग रखा था। आशंका है कि बदमाश सोने की ज्वेलरी इसी बैग में डालकर ले गए। वहीं एक साथी के पास एक हैंड बैग भी है।

### कंधे पर थे हथियार

दुकान के पास हथियार लेकर आए। एक व्यक्ति कंधे पर बंदूक लटकाए हुए दिख रहा है। वह अन्य के पीछे चल रहा है। एक के पास लोहे का पाइप भी दिख रही है। पीछे चल रहे बदमाश ने ग्लव्स पहने थे। चोरी के बाद बदमाश सामान गठरियों में बांधकर ले गए। बदमाशों के 2 साथी सिर पोटली रखकर ले जाते दिख रहे हैं। पीछे 2 लोग हैंड बैग व पिट्ठू बैग टांगकर ले जाते दिख रहे हैं।

### तीन टीमें जांच में जुटीं

चोरी की सूचना मिलते ही डीएसपी पुनहाना जितेंद्र सिंह राणा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड की मदद से अहम सबूत जुटाए हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों की पहचान में जुटी हुई है। सीसीटीवी वीडियो में पता चला है कि छह संदिग्ध दिखाई दे रहे हैं। जांच में तीन अलग-अलग टीमें जुटी हैं।

राइस मिलर ने आढ़ती की मार्फत अनाज मंडी से खरीदा था धान

## आढ़ती के 2.21 करोड़ हड़पे, मिलर पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**जींद (हरिभूमि न्यूज)।** आढ़ती से धान खरीद कर 2.21 करोड़ रुपये हड़पने पर शहर थाना पुलिस ने राइस मिलर पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। नई अनाज मंडी के आढ़ती अरविंद ने पुलिस को बताया कि निसिंग के राइस मिलर अनिल गोयल ने 2014 से उसकी मार्फत धान फसल मंडी से धान की खरीद शुरू की थी। अनिल उससे 2016 तक धान खरीदता रहा। जिसके चलते उसकी अनिल की तरफ दो करोड़ 20 लाख 86 हजार 140 की राशि अटक गई। बकाया राशि का भुगतान करने को कहा, लेकिन आरोपित ने भुगतान नहीं किया। जिसको लेकर दोनों पक्षों में पंचायतें भी हुईं। आरोपित राशि लौटाने की बात कहता रहा। जब उसने राशि के लिए दबाव बनाया तो आरोपित ने राशि लौटाने से मना कर दिया और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी।

राशि मांगने पर धमकी देने व रुपये लौटाने से किया मना

## गुरुग्राम में फर्जी प्रॉपर्टी बेचकर 12.04 करोड़ ठगे, पांच पकड़े

**गुरुग्राम (हरिभूमि न्यूज)।** गुरुग्राम की अल्ट्रा लग्जरी डीएलएफ कमेलियाज सोसाइटी में फर्जी प्रॉपर्टी को बेचकर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच की इंटर स्टेट सेल ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन्होंने फर्जी प्रॉपर्टी को बेचकर बिजनेसमैन से 12.04 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। मुख्य आरोपी का नाम मोहित गोगिया है। इसने अपने चार साथियों विशाल मल्होत्रा, सचिन गुलाटी, भारत छाबड़ा और अभिनव पाठक के साथ सिंडिकेट बनाकर फर्जी एसबीआई बैंक ऑक्शन दस्तावेज दिखाते हैं और पीड़ितों को लग्जरी प्रॉपर्टी सस्ते दामों में दिलाने का झांसा देते थे। यह गिरोह दिल्ली, पंजाब और गोवा समेत कई राज्यों में 200 करोड़ से अधिक की ठगी कर चुका है। मामले में फरार मास्टरमाइंड राम सिंह उर्फ बाबाजी की तलाश जारी है।



यह गिरोह दिल्ली, पंजाब और गोवा समेत कई राज्यों में 200 करोड़ ठग चुका

**सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान**

## अरावली पहाड़ी परिभाषा विवाद पर आज सुनवाई

**नई दिल्ली (भाषा)।** अरावली पहाड़ियों की परिभाषा को लेकर उठे विवाद के बीच उच्चतम न्यायालय ने इस मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लिया है और वह सोमवार को मामले की सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली अवकाशकालीन पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी जिसमें न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और न्यायामूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह शामिल हैं।


कोर्ट के इसी फैसले का विरोध हो रहा

**सांस लेने में आई दिक्कत**

## गुरुग्राम में दिल्ली से आई एयर होस्टेस की मौत

**गुरुग्राम (हरिभूमि न्यूज)।** गुरुग्राम में एयर होस्टेस की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह एअर इंडिया में कार्यरत थी। वीकेंड पर अपने फ्रेंड के घर पार्टी कर रही थी। अचानक उसे सांस लेने में दिक्कत होने जिसके बाद उसे हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने एयर होस्टेस को मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि एयर होस्टेस मोहाली की रहने वाली थी। एयर होस्टेस सिमरन (25) शनिवार-रविवार रात डीएलएफ फेस वन में दोस्त के घर आई थी। सिमरन डडवाल मूल रूप से मोहाली की रहने वाली है।

दोस्त के घर की पार्टी, मोहाली की रहने वाली थी

**पानीपत में वारदात**

## छेड़खानी का विरोध करने पर सुआ घोंपकर युवक की हत्या

**पानीपत (हरिभूमि न्यूज)।** जसबीर कॉलोनी में रविवार देर रात 36 वर्षीय राकेश मूल निवासी शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश की चार हमलावरों ने सुआ घोंपकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि परिजन, घायल राकेश को लेकर पानीपत के सिविल अस्पताल पहुंचे। जहां मेडिकल जांच के बाद चिकित्सकों ने राकेश को मृत घोषित कर दिया। मृत राकेश के परिजनों का आरोप है कि कॉलोनी के चार युवक महिलाओं के साथ छेड़खानी करते थे, राकेश ने इसका विरोध किया, इसके चलते ही चारों आरोपियों ने राकेश की हत्या कर दी।

चार आरोपियों ने वारदात को दिया अंजाम

## रास सांसद दिग्विजय की पोस्ट पर कांग्रेस दो-फाड़

***दिग्विजय बोले, मैं संघ का विरोधी पर उनकी संगठन क्षमता का प्रशंसक***

# खुर्शीद बोले-मजबूत तो डाकू भी, क्या उससे सीखें, भाजपा ने कहा, यह टूथ बम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह की पोस्ट पर कांग्रेस दो-फाड़ हो गई है। इस पोस्ट को लेकर वे पार्टी के भीतर फिर घिर गए हैं। संघ और भाजपा की तारीफ वाली पोस्ट पर वरिष्ठ पार्टी नेता सलमान खुर्शीद ने कहा है कि मजबूत तो डाकू भी होता है। क्या अब मजबूती डाकू से सीखनी होगी? खुर्शीद ने कहा कि दिग्विजय से उनकी पोस्ट पर जवाब मांगा जाना चाहिए। गौर हो कि दिग्विजय सिंह ने मोदी, अटल और आडवाणी की पुरानी तस्वीर पोस्ट करके उसे एक कैप्शन दिया था। उन्होंने मोदी के साथ खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और जयराम रमेश को भी टैग किया था। वहीं, भाजपा ने दिग्विजय सिंह की पोस्ट को टूथ बम करार दिया और कांग्रेस की आंतरिक कलह को उजागर करने वाला बताया।

**अब कांग्रेस की अंदरूनी कलह उजागर हुई**



खुर्शीद ने कहा कि दिग्विजय से जवाब मांगा जाना चाहिए



### हम संघ के जैसे खुद को मजबूत नहीं करना चाहते

खुर्शीद ने कहा कि एक डाकू भी ताकतवर होता है। तो, क्या आप अपने बच्चे से कहेंगे कि तुम भी डाकू बन जाओ? क्या आपको शोले फिल्म याद है? जिसमें कहा गया था कि दूर दूर तक कभी कोई बच्चा रोता है तो उसकी मां कहती है कि चुप हो जा नहीं तो गब्बर आ जाएगा। तो, क्या आप ऐसा समाज बनाना चाहते हैं जहां गब्बर के डर से आप बच्चों को रोने भी न दें? उन्होंने कहा कि हम उस तरह से खुद को मजबूत नहीं करना चाहते जिस तरह से आरएसएस मजबूत है।

### कांग्रेस को संघ से सीखने की जरूरत नहीं: खेड़ा और खरगे



कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि मैं दिग्विजय सिंह की बात से सहमत नहीं हूं। गोडसे के समर्थक गांधी के समर्थक नहीं हो सकते। पार्टी अध्यक्ष खरगे ने कहा कि कांग्रेस कभी भी धर्म की राजनीति नहीं करती। कांग्रेस के पास भले ही कम शक्ति हो, लेकिन पार्टी की रीढ़ कमजोर नहीं है। कुछ लोगों ने धर्म को राजनीति बना दिया है।



## खबर संक्षेप



नई दिल्ली। हरियाणा के पूर्व मंत्री असीम गोयल ने रविवार को पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय में की मुलाकात। इस मौके पर दोनों नेताओं ने कई मुद्दों पर मंथन किया

### नशे के नेटवर्क पर प्रहार 285 अपराधी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** प्रदेश में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में हरियाणा पुलिस ने बीते 24 घंटों में एक व्यापक और निर्णायक अभियान चलाते हुए अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। राज्यभर में की गई इस कार्रवाई के दौरान 37 जघन्य अपराधियों सहित कुल 285 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। 'जीरो टॉलरेंस' की नीति के तहत यह अभियान संगठित अपराध, नशा तस्करी, अवैध हथियार, साइबर अपराध और असामाजिक गतिविधियों पर सीधा और प्रभावी प्रहार साबित हुआ है।

### रिटायर्ड कर्नल के घर चोरी करने के आरोपी पकड़े

**पंचकूला।** रिटायर्ड कर्नल के बंद मकान में हुई चोरी की वारदात का सफल खुलासा करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-19, पंचकूला की टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने इंचार्ज एसआई मुकेश सैनी के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को सेक्टर-17 मार्केट, पंचकूला से गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेक्टर-17, पंचकूला स्थित एक बंद पड़े मकान में चोरों ने 12, 13 और 14 दिसंबर की रात लगातार चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मकान मालिक सरबजीत सिंह, जो कि रिटायर्ड कर्नल हैं, ने पुलिस को बताया कि वह कुछ माह पूर्व अपने परिवार सहित हैदराबाद शिफ्ट हो गए थे, जिसके चलते मकान बंद था। इस मौके का फायदा उठाकर चोरों ने घर में घुसकर सभी कमरों, किचन, ड्राइंग हॉल, अलमारियों एवं लॉकर को तोड़कर नकदी व गहने चोरी कर लिए।

### छेड़छाड़ का आरोपी प्रिंसिपल गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना धारूहेड़ा पुलिस ने छात्रा से छेड़छाड़ करने के आरोपी नर्सिंग कॉलेज के प्रिंसिपल को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को सोमवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। मीरपुर नर्सिंग कॉलेज की एक छात्रा ने प्रिंसिपल पर अश्लील हरकत करने के आरोप लगाए थे। इसके बाद कॉलेज में आपत्तिजनक गतिविधियों की बात भी सामने आई थी। पुलिस ने छात्रा की शिकायत मिलने के बाद दो दिन पहले कोर्ट में उसके बयान दर्ज कराए थे। छात्रा की शिकायत से पहले ही प्रिंसिपल फरार हो गया था। मामले के जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपी को सोमवार को अदालत में पेश कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मुख्यमंत्री ने खरखौदा में विकास रैली को संबोधित किया, कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ कर बोले

# खरखौदा में विकसित किया जाएगा विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जो सशक्त, समृद्ध तथा आत्मनिर्भर प्रदेश के निर्माण में सहभागी बनना चाहता है, सरकार हर उस हरियाणवी के विकास के लिए सुशासन और पारदर्शिता के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाएगी। मुख्यमंत्री ने रविवार को खरखौदा में विकास रैली को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने सोहटी और थाना कलां में 2 उप-स्वास्थ्य केंद्रों का शिलान्यास भी किया। इन दो विकास परियोजनाओं पर 1 करोड 10 लाख रुपए की लागत आएगी। मुख्यमंत्री ने खरखौदा के विकास के लिए अलग से 5 करोड़ रुपए की राशि देने की घोषणा की। सीएम ने बताया कि 465 लाख रुपए की लागत से 20 किलोमीटर लम्बाई की 7 सड़कों की रिपेयरिंग भी करवाई जा रही है और शहर में पीने के पानी के लिए 26 करोड़ 46 लाख रुपए की लागत से परियोजना का कार्य चल रहा है जो दिसम्बर 2026 तक पूर्ण हो जाएगा। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

**सीएम ने खरखौदा के विकास के लिए अलग से 5 करोड़ देने का ऐलान किया**




## दो लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देंगे : मुख्यमंत्री

### पुलिस और अन्य विभागों में बड़ी भर्ती जल्द शुरू होगी

विकास रैली को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा संकल्प पत्र अनुसार जल्द ही 2 लाख युवाओं को नौकरियां दी जाएगी जिसमें से 34 हजार युवाओं को नौकरियां दी जा चुकी है। नव वर्ष पर पुलिस व अन्य विभागों में नौकरियों का बड़ा जखीरा निकलने वाला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार किसान का सम्मान, युवाओं को रोजगार, महिलाओं को सुरक्षा और स्वावलंबन, बुजुर्गो को सम्मानजनक जीवन और गरीब को उनका अधिकार देने के लिए वचनबद्ध है। इसी सोच के साथ सरकार ने पिछले 11 वर्षों में हरियाणा को एक नई दिशा दी है। हम खरखौदा में भी विश्व स्तर का इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिए कृतसंकल्पित है और इसी को साकार करने के लिए कार्य कर रहे है।

### सरकार ने 217 में से 54 वादों को एक साल में पूरा किया, बाकी पर चल रहा काम

विधानसभा चुनावों के संकल्प-पत्र में 217 में से 54 वादों को एक साल में ही पूरा कर दिखाया है। इसके अलावा, 163 वादों पर काम प्रगति पर है। एक वर्ष में नॉन-स्टाप विकास का संकल्प लिया, उसकी सिद्धि में विकास की तिगुनी गति से कार्य कर रही है। बहनों-बेटियों को आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना शुरू की है। अब तक दो किस्तों में 7 लाख से अधिक बहन-बेटियों को 258 करोड रुपए दिये जा चुके है। उन्होंने कहा कि गरीब महिलाओं को अपनी रसोई चलाने के लिए हर महीने केवल 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जा रहा है। यह लाभ प्रदेश के लगभग 14 लाख 70 हजार परिवारों को मिल रहा है। प्रदेश में जमीनों व सम्पत्तियों का पेपरलेस रजिस्ट्रेशन शुरू किया गया है। अब रजिस्ट्री का काम पूरी तरह डिजिटल हो गया है। सोनीपत से मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना का दूसरा चरण शुरू किया गया है। जिसमें लोगों को रोजगार से जोड़ने की बड़ी पहली की गई है।

### मुख्यमंत्री ने पिपली मंडी में सुना 'मन की बात' कार्यक्रम

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि विकसित भारत 2047 के विजन अनुरूप और तरक्की की राह पर तेजी से आगे बढ़ता देखकर पूरी दुनिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नए विजन को एक नई उम्मीद और आशा के साथ देख रही है। विज्ञान के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियां, नए-नए आविष्कारों से दुनियाभर के देश प्रभावित हैं। आज देश की युवा पीढ़ी में नया करने का जुनून स्पष्ट नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को पिपली अनाज मंडी स्थित धर्मशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 129 वें एपिसोड को सुन रहे थे। मन की बात कार्यक्रम में पहुंचने से पहले मुख्यमंत्री ने मौके पर पहुंचे लोगों की समस्याओं को सुना और उन्हें अधिकारियों के पास भेजकर समाधान करवाने का आश्वासन दिया।

#### विकसित भारत बनाएंगे

उन्होंने कहा कि अब प्रधानमंत्री के नेतृत्व में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी दिन यंग लीडर डायलॉग कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में देश के युवाओं द्वारा इनोवेशन, फिटनेश, स्टार्टअप व एग्रीकल्चर जैसी विषयों पर आइडिया शेयर किए जाएंगे, जो देश को विकसित बनाने में मदद करेंगे। मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से लोगों गको प्रेरणा देने के लिए देश के अलग-अलग कोने में समाजहित में काम करने वाले लोगों की जानकारी सांझा करते हैं।

### एचपीडब्ल्यूपीस में 58 निविदाओं पर विचार मंथन

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में शनिवार को हरियाणा निवास में हाई पॉवर्ड वर्क्स परचेज कमेटी (एचपीडब्ल्यूपीसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित महत्त्वपूर्ण अवसंरचना एवं विकास परियोजनाओं के प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया तथा सेवाओं एवं कार्यों की खरीद से संबंधित महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में कुल 58 निविदाओं पर विचार किया गया, जिनकी कुल अनुमानित लागत लगभग 4216 करोड़ रुपये थी। इनमें से 2 निविदाओं को रिटेंडर करने का निर्णय लिया गया। शेष 56 निविदाओं, जिनकी कुल अनुमानित लागत लगभग 4166 करोड़ रुपये थी, पर बोलीदाताओं के साथ विस्तृत नेगोशिएशन के उपरांत कुल कार्य मूल्य लगभग 4016 करोड़ रुपये पर सहमति बनी। इस प्रकार नेगोशिएशन प्रक्रिया के माध्यम से लगभग 150 करोड़ रुपये की अनुमानित बचत सुनिश्चित की गई, जिसका लाभ राज्य को मिलेगा।

## आप के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी ने शिक्षा व्यवस्था पर उठाए सवाल

# स्कूलों में भीषण सर्दी में टाट-पट्टी पर बैठने को नौनिहाल मजबूर : ढांडा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने रविवार को हरियाणा के सरकारी स्कूलों की गंभीर और चिंताजनक स्थिति को लेकर भाजपा सरकार पर कड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा में कड़ाके की ठंड पड़ रही है, तापमान 5 से 8 डिग्री सेल्सियस तक गिर चुका है, लेकिन इसके बावजूद हजारों छोटे बच्चे आज भी सरकारी स्कूलों में टाट-पट्टी या सीधे फर्श पर बैठकर पढ़ने को मजबूर हैं। यह सिर्फ बदइंतजामी नहीं, बल्कि बच्चों के स्वास्थ्य और भविष्य के साथ सीधा अन्याय है।

### सरकार की योजनाएं कागजों तक सीमित



अनुराग ढांडा ने कहा कि शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी स्कूलों से डुअल डेस्क' की जरूरत का सत्यापन कराया था और 5 मार्च 2025 तक डिमांड रिपोर्ट भी मंगवा ली गई थी। सरकार ने दावा किया था कि बच्चों को जमीन पर नहीं बैठना पड़ेगा, लेकिन दिसंबर 2025 तक हालात में कोई बदलाव नहीं आया। सवाल यह है कि डुअल डेस्क की वह पूरी योजना आखिर कहां चली गई? क्या भाजपा सरकार के लिए बच्चों की तकलीफ सिर्फ कागजों तक ही सीमित है? उन्होंने कहा कि जमीनी रिपोर्टों से साफ है कि कई सरकारी स्कूलों में न पर्याप्त कमरे हैं, न टूटे दरवाजे-खिड़कियां ठीक हुए हैं और न ही ठंड से बचाने की कोई व्यवस्था है। कई स्कूलों में बच्चे बरामदों में बैठकर पढ़ रहे हैं, कहीं बिना खिड़की वाले कमरों में ठंडी हवा के बीच जमीन पर बैठना उनकी मजबूरी है। हीटर, गर्म पानी या सर्दी से बचाव की बुनियादी सुविधा तक उपलब्ध नहीं है। अनुराग ढांडा ने कहा कि हालात इतने खराब हैं कि कई जगह 600 बच्चों के लिए सिर्फ 3-4 कमरे हैं। कहीं 350 से ज्यादा बच्चे खुले में प्रार्थना और कक्षाएं करने को मजबूर हैं।

### कांग्रेस ने स्थापना दिवस मनाया राव नरेंद्र बोले- सरकार की गलत नीतियों का विरोध करते रहेंगे

चंडीगढ़। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 140वां स्थापना दिवस बड़े उत्साह और राजनीतिक दृढ़ता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने पार्टी ध्वज फहराया और उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। राव नरेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी की स्थापना से लेकर आज तक उसका मूल मंत्र गरीबों, किसानों, मजदूरों, युवाओं तथा वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा करना रहा है।

#### संविधान को कुचल रही सरकार

उन्होंने भाजपा सरकार पर तीव्र प्रहार करते हुए कहा कि वर्तमान में देश और प्रदेश में लोकतंत्र, संविधान तथा संवैधानिक संस्थाओं पर सुनियोजित आघात किए जा रहे हैं, जिन्हें कांग्रेस पार्टी किसी भी हाल में सहन नहीं करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों के कारण बेरोजगारी, महंगाई और सामाजिक असमानता अपने चरम पर पहुंच गई है, जबकि हरियाणा का युवा रोजगार की तलाश में भटकने को मजबूर है। भाजपा की तानाशाही के कारण कांग्रेस द्वारा शुरू की गई मनरेगा योजना को लगभग समाप्त कर दिया गया है, जो मजदूरों, वंचितों और भूमिहीन किसानों के अस्तित्व पर सीधा प्रहार है।

## 2026 में भी अपराधियों को सख्ती से निपटेगी पुलिस

# जमानत पर चल रहे कुख्यात बदमाशों पर लगातार रखी जाएगी नजर : डीजीपी

**करनाल।** हरियाणा पुलिस की वर्ष 2026 के लिए अपराध-नियंत्रण रणनीति, प्राथमिकताओं और कार्ययोजना को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन में एक उच्चस्तरीय समीक्षा एवं मंथन बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस महानिदेशक हरियाणा ओपी सिंह ने की। इसमें एडीजीपी, आईजी, पुलिस आयुक्त, डीआईजी तथा अन्य सभी भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में वर्ष 2025 के दौरान सामने आई चुनौतियों, उपलब्धियों और अनुभवों की गहन समीक्षा करते हुए वर्ष 2026 के लिए अपराध नियंत्रण, खुफिया तंत्र, जन-संपर्क और प्रवर्तन रणनीति पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। डीजीपी ने स्पष्ट किया कि समय की मांग के अनुरूप अब पुलिसिंग को और अधिक परिणामोन्मुख, प्रो-एक्टिव तथा जनविश्वास आधारित बनाना होगा।

### मुधबन में डीजीपी ने ली अधिकारियों की बैठक

डीजीपी ने निर्देश दिए कि जिन अपराधियों पर अनेक आपराधिक मामले दर्ज हैं और वे जमानत पर बाहर हैं, उनकी सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए। यदि किसी आरोपी के दोबारा अपराध में लिप्त होने की आशंका हो तो उसकी जमानत निरस्त कराने की ठोस कार्रवाई की जाए। कुख्यात अपराधियों की व्यक्तिगत निगरानी स्वयं जिला पुलिस अधीक्षक स्तर से होनी चाहिए।डीजीपी ने कहा कि जिस स्तर की सफलता और प्रभावशीलता हरियाणा पुलिस ने हाल के वर्षों में हासिल की है, उसकी निरंतरता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। नए वर्ष में सभी अधिकारियों को पहले से बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपराधियों पर निरंतर दबाव बनाए रखना होगा।

## 67% स्कूलों के खेल मैदान बच्चों के लिए असुरक्षित : सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा है कि रोहतक में दो होनहार खिलाड़ियों की दर्दनाक मौत के बाद भी हरियाणा सरकार की नींद नहीं खुली है। उस समय सरकार ने केवल औपचारिकता निभाते हुए एक कमेटी गठित करने और पूरे प्रदेश के स्कूलों के खेल मैदानों की जांच कराने की घोषणा की थी, लेकिन अब जो विभागीय रिपोर्ट सामने आई है, उसने सरकार के उन सभी दावों की पोल खोल दी है। रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के 67 प्रतिशत स्कूलों के खेल मैदान बच्चों के लिए असुरक्षित हैं और केवल 10 प्रतिशत मैदान ही सुरक्षा मानकों पर खरे उतरते हैं। यह स्थिति अत्यंत गंभीर और शर्मनाक है।

### खिलाड़ियों की दु:खद मौत के बाद भी नहीं टूटी नींद



सैलजा ने कहा कि रोहतक की घटना के बाद अगर सरकार सचमुच गंभीर होती तो आज यह हालात सामने नहीं आते। रिपोर्ट साफ बता रही है कि अधिकांश स्कूलों में जर्जर पोल लगे हुए हैं, खेल उपकरण टूटे हुए हैं, मैदान समतल नहीं हैं और बच्चों की सुरक्षा के लिए आवश्यक इंतजाम न के बराबर हैं। यह लापरवाही नहीं बल्कि बच्चों की जान के साथ सीधा खिलवाड़ है। सांसद ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार को एक नहीं, दो बच्चों की मौत के बाद भी होश नहीं आया। सांसद सैलजा ने कहा कि हरियाणा सरकार बच्चों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह असंवेदनशील हो चुकी है। यदि समय रहते खेल मैदानों की मरम्मत, उपकरणों की जांच और सुरक्षा मानकों का पालन कराया जाता तो दुखद घटना को रोका जा सकता था।

## मंत्री कृष्णलाल पंवार का हालचाल जानने पहुंचे केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल

**चंडीगढ़।** केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व सीएम मनोहर लाल ने पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार का हाल-चाल जाना, उनकी व परिवार की कुशलक्षेत्र पूछी। मनोहर लाल ने पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार के चंडीगढ़ आवास पर पहुंचकर की मुलाकात की है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार से काफी देर की चर्चा की। यहां पर बता दें कि कृष्णलाल पंवार घुटनों में दिक्कत के कारण अस्पताल में भर्ती कराए गए थे। जहां पर उनका ऑपरेशन किया गया है। पंवार के यहां मिलने वाले लोगों से भी केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने मुलाकात की। घुटने के ऑपरेशन के चलते कृष्णलाल पंवार बेड रेस्ट पर चल रहे हैं।

## प्रदेश में सरकार नाम का चीज नहीं, कानून व्यवस्था तेजी से बिगड़ रही : अजय चौटाला

**चंडीगढ़\ महेंद्रगढ़।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने कहा है कि आज भाजपा सरकार दोनों हाथों से देश और प्रदेश की जनता को लूटने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। प्रदेश के मुख्यमंत्री मस्त हैं और उन्हें हरियाणा की बिगड़ती व्यवस्था दिखाई नहीं दे रही, वे केवल झूठी बातें करके लोगों को गुमराह करने में लगे हुए है। अजय चौटाला ने कहा कि विदेशी नंबरों से रोजाना कारोबारियों से फिरौती मांगी जा रही है। किसानों को न समय पर बीज मिला और ना ही खाद। इतना ही नहीं जब किसान फसल बेचने मंडी गया तो उसे दाम भी नहीं मिला। वे रविवार को महेंद्रगढ़ जिले में जेजेपी द्वारा आयोजित युवा योद्धा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

## हरियाणा के नए पुलिस प्रमुख के नाम का ऐलान जल्द

**केंद्रीय गृहमंत्रालय से आज या कल पैनल मिलने की संभावना, कयासों का दौर शुरू**

# केंद्र से पैनल का इंतजार, सूची में तीन नाम आएंगे, अंतिम फैसला सरकार के हाथ में होगा

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

आखिरकार नए साल में प्रदेश को नए पुलिस प्रमुख मिलने जा रहे हैं। हरियाणा सरकार के गृह विभाग की ओर से केंद्र को भेजे नामों के पैनल में तीन नामों पर मुहर के साथ राज्य सरकार के पास वापस भेजे जाने की तैयारी है। सोमवार और मंगलवार को किसी भी वक्त नामों का पैनल आने की उम्मीद है। कुल मिलाकर तीन नामों का पैनल वहां से आने के बाद में राज्य की नायब सैनी सरकार को उनमें से एक पर फाइनल मुहर लगानी है, इस तरह से नए साल में हरियाणा को नए पुलिस प्रमुख मिलने जा रहे हैं। हरियाणा में नए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की नियुक्ति की प्रक्रिया पहला पैनल वापस भेजे जाने के साथ ही तेज हो गई थी। दरअसल, राज्य सरकार की ओर डीजीपी शत्रुजीत कपूर के रहते पैनल भेज दिया गया लेकिन डीओपीटी की ओर से इसे वापस लौटा दिया गया था क्योंकि कपूर अवकाश पर थे। जबकि डीजीपी शत्रुजीत कपूर के अवकाश तक कार्यवाहक डीजीपी के तौर पर कमान ओपी सिंह को सौंपी गई थी। ओपी सिंह 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं। उनके साथ में दो अन्य अफसर अकिल मुहम्मद और पहले से सेवानिवृत्त रीइंप्लायमेंट पर लगे आईपीएस आलोक राय का कार्यकाल भी समाप्त हो रहा है।

**कार्यवाहक डीजीपी ओपी सिंह 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो रहे**

### तीन दशक की सेवा पूरी करने वाले नामों का पैनल भेजा था

सरकार ने तीन दशक (तीस साल) की सेवा पूरी कर चुके आईपीएस अफसरों का एक नया पैनल संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी)को भेजा है। अहम बात यह है कि नए पैनल को लेकर अब वापसी की इंतजार है। कुल मिलाकर 31 दिसंबर को 1989 बैच के मोहम्मद अकील और 1991 बैच आलोक रॉय इंप्लॉयमेंट, ओपी सिंह सभी रिटायर होने जा रहे हैं। राय पहले रिटायर हो चुके हैं, जिनको रीइंप्लायमेंट कर डीजी जेल के तौर पर जिम्मेदारी दी गई थी।

### सिंघल, आलोक मित्तल, एएस चावला और संजीव जैन का नाम पैनल में

अब हरियाणा के पुलिस प्रमुख वाली कुर्सी के लिए लाबिंग रिटायरमेंट करीब आने के साथ ही हरियाणा के पुलिस प्रमुख की कुर्सी के लिए जबरदस्त तरीके से लाबिंग चल रही है। तीन नामों का पैनल जो वापस आने की उम्मीद है, उसमें भी तगड़ा मुकाबला है। वरिष्ठ आईपीएस अफसर अपने अपने सियासी आकाओं से इस बारे में चर्चा कर चुके हैं। पहला पैनल जो वापस भेजा गया था, उस वक्त शत्रुजीत कपूर अवकाश पर थी, आधिकारिक तौर पर वे ही डीजीपी थे। कपूर के अलावा अजय सिंघल, आलोक मित्तल, एएस. चावला और संजीव जैन के नाम पैनल में शामिल हैं।

### अजय सिंघल फिलहाल डीजीपी पद की दौड़ में सबसे आगे, अन्य नाम भी शामिल

वरिष्ठ आईपीएस अफसर शत्रुजीत कपूर की कुर्सी आईईपीस अधिकारी वाई पूर्ण कुमार के आत्महत्या प्रकरण ने हिलाकर रख दी। जनता की नाराजगी और मामला रष्ट्रीय मीडिया की सुर्खियों में आने के बाद में राज्य की नायब सैनी सरकार ने कपूर को अवकाश पर भेज दिया था। आईपीएस वाई पूर्ण कुमार आत्महत्या प्रकरण में कपूर सहित कई अफसरों के बयान दर्ज हो चुके हैं। राज्य के पुलिस प्रमुख पद के मुख्य दावेदारों में 1992 बैच के अधिकारी अजय सिंघल वर्तमान में विजिलेंस और एंटी-करप्शन ब्यूरो के महानिदेशक हैं। 1993 बैच अधिकारी आलोक मित्तल, जो हरियाणा पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन में बतौर एमडी सेवाएं दे रहे हैं। 1993 बैच के अधिकारी सरदार अर्शिंदर सिंह चावला, जो मधुबन में हरियाणा पुलिस अकादमी के निदेशक हैं। सूत्रों का कहना है कि अजय सिंघल फिलहाल डीजीपी पद की दौड़ में सबसे आगे हैं। अब कुल मिलाकर 1 जनवरी, 2026 को डीजीपी पद पर एक नए आईपीएस अधिकारी की नियुक्ति होने का रास्ता साफ है।

**सरकार ने दोबारा भेजा पैनल :** कुल मिलाकर कपूर को पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन चेयरमैन का कामकाज सौंपे जाने के साथ ही डीजीपी पद से मुक्त कर दिया गया था। कुल मिलाकर कपूर की डीजीपी पद से छुट्टी होते ही पैनल को दोबारा से भेजा गया है। सूत्रों का कहना है कि एक दो दिनों के अंदर अंदर पैनल में तीन नामों को क्रमश मुहर लगाकर सरकार के सामने तीन नामों के विकल्प रखे जाते हैं, जिसमें से एक नाम पर मुहर राज्य सरकार को लगानी है।

## प्रदेश के सात जेलों में फिलिंग स्टेशन का उद्घाटन

**चंडीगढ़।** सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए आपराधिक गतिविधियों को कम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जेल अब दंड नहीं सुधार की दिशा में उदाहरण बन रही हैं, जिसके कारण प्रदेश की जेलों में सुधार के साथ-साथ बंदियों को नवाचार कौशल को बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि सजा उपरांत कैदी समाज की मुख्यधारा में शामिल हो सकें। रविवार को जेल मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने जिला जेल, सोनीपत परिसर से सोनीपत, करनाल, फरीदाबाद, हिसार, अम्बाला, यमुनानगर और नूंह जेल परिसर में स्थापित जेल फिलिंग स्टेशन का उद्घाटन किया।

### 2026 में नारनौल, भिवानी, सिरसा व झज्जर में भी खुलेंगे पंप : अरविंद शर्मा

जेल मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि बंदियों को उनके अच्छे आचरण के आधार पर जेल से बाहर काम के अवसर की संभावना को देखते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के निर्देश पर कुरुक्षेत्र जेल में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर जेल फिलिंग स्टेशन की स्थापना की गई थी, इसकी सफलता उपरांत प्रदेश में 11 जेलों में जेल फिलिंग स्टेशन स्थापित करने का निर्णय लिया गया और आज इसी प्रक्रिया में 7 पम्पों का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि मार्च 2026 तक प्रदेश की नारनौल, भिवानी, सिरसा व झज्जर जेल परिसर में भी जेल फिलिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बंदियों को शिक्षा, विशेषकर नवाचार और कौशल विकास से भरपूर शिक्षा उपलब्ध करवाना सरकार का लक्ष्य है।


**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank

पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पादरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा ("सुविधा") के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की 08 जनवरी 2026 को एक ई-नीलामी आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई-नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : आदमपुर | |
| 085962003035 | राजबीर सिंह |
| शाखा का नाम : अम्बाला - निकलसन रोड | |
| 635262602303 | कबीर शाह |
| शाखा का नाम : भिवानी | |
| 072962003080 | विकाश सिंह |
| 072957000177 | सुमन सुमन |
| शाखा का नाम : चरखी दादरी | |
| 211157000246 | सुमन देवी |
| 211157000292 | सुमन देवी |
| शाखा का नाम : धारूहेड़ा | |
| 162962002048 | मनजीत कुमार |
| शाखा का नाम : ऐलनाबाद, हरियाणा | |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| 359462002406 | सुनील कुमार |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद - ग्रीन फील्ड्स | |
| 732462000277 | रजनी रजनी |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद - सेक्टर-79 | |
| 732362000545 | रवि कांत पुरोहित |
| शाखा का नाम : गन्नौर, हरियाणा | |
| 359257000004 | संदीप |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - सेक्टर-46 | |
| 389062001148 | सौरभ शुक्ला |
| शाखा का नाम : हिसार | |
| 017262008653 | मोहित मोहित |
| शाखा का नाम : करनाल | |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| 017357000228 | गुरदीप सिंह |
| शाखा का नाम : महेन्द्रगढ़ | |
| 219562002247 | श्री जसवंत |
| शाखा का नाम : मण्डी डबवाली | |
| 197862005488 | अंग्रेज अंग्रेज |
| शाखा का नाम : तोशाम | |
| 419062000847 | रोहताश |
| 419057000080 | नविता नविता |
| शाखा का नाम : मुजफ्फरपुर - जीरो माइल | |
| 334562002639 | विरेश कुमार पाण्डे |
| शाखा का नाम : समाना | |
| 152162006024 | सोहन सिंह |

दिनांक : 29.12.2025
स्थान : अम्बाला, भिवानी, गुरुग्राम, हिसार, करनाल, सिरसा, सोनीपत, फरीदाबाद, कुरूक्षेत्र, महेन्द्रगढ़, फतेहाबाद, चरखी दादरी, रेवाड़ी, चीका, फरीदाबाद

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# हिसार : नर्सिंग छात्राएं 3 दिन से टेंट में बैठीं, प्रबंधक पर लगाए गंभीर आरोप, उपायुक्त पहुंचे, नहीं बनीं बात

**छात्राओं का आरोप, सरकार की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही, ठंड में बैठी हुई हैं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद



नारनौंद क्षेत्र के एक निजी कॉलेज में तीन दिनों से धरने पर बैठी हुई लड़कियों से मिलने रविवार देर सायं उपायुक्त महेन्द्र पाल सिंह व पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन सिंह पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने आंदोलन कर रही लड़कियों से बातचीत की लेकिन देर सायं तक नतीजा नहीं निकला। उपायुक्त महेंद्रपाल सिंह और पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन देर सायं धरना स्थल पर पहुंचे और उन्होंने लड़कियों से बातचीत की लेकिन लड़कियां अपनी मांगों पर अड़ी रही। धरने पर बैठी लड़कियों ने बताया कि सरकार की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। हम ठंड में बैठी हुई हैं। जब तक न्याय नहीं मिलता वो अपना संघर्ष जारी रखेंगी। सोमवार को 11 बजे तक का अल्टीमेटम है उसके बाद हम आंदोलन को बढ़ाने का काम करेंगी। दोनों अधिकारियों ने प्रस्ताव रखा कि इस कॉलेज को एडमिनिस्ट्रेटर अपने अंडर लेकर यहां का काम काज करेगा, जो भी कमियां हैं उनको पूरा किया जाएगा। पढ़ाई के लिए टीचर पूरे रखे जाएंगे। कॉलेज की मैनेजमेंट को दूर किया जाएगा। इसी बातों को लेकर दोनों पक्षों में बातचीत हुई।

### विधायक ने एसपी को तेजी से कार्रवाई करने को कहा

नारनौंद के विधायक जस्सी पेटवाड़ ने धरने पर पहुंचकर छात्राओं से बातचीत की। विधायक ने एसपी को फोन किया। उन्होंने कहा कि मामले को जल्द से जल्द सुलझाया जाए और इस मामले में बनी कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाए। छात्राओं ने विधायक को बताया कि 18 दिसंबर को इस मामले में कमेटी बनाई गई थी जिसकी जांच पूरी हो चुकी है। महिला आयोग ने भी अपनी रिपोर्ट पुलिस को दी है। इसके बाद विधायक ने एसपी से कहा कि वह एक बार छात्राओं के धरने पर आकर बातचीत करें।

# नाबालिग लड़की को अगवा करने की कोशिश करने का आरोपित धरा

**नाबालिग लड़की का मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज कराकर काउंसलिंग करवाई गई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना



थाना सदर गोहाना की पुलिस ने नाबालिग लड़की को अगवा करने की कोशिश करने की घटना मे संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित जिला सोनीपत के गांव रामगढ़ निवासी अंकित पुत्र रामफल है। 29 सितम्बर को जिला सोनीपत निवासी एक युवक ने थाना सदर गोहाना में शिकायत दी थी कि 19 सितंबर को उसकी नाबालिग बहन स्कूल जाने के लिए गांव के मुख्य बस अड्डे पर खड़ी थी। उसी समय एक गाड़ी आई जिसमें गांव रामगढ़ निवासी अंकित व जिला जींद के पिंडारा निवासी रोहित बैठे हुए थे। युवक के अनुसार इन दोनों ने उसकी बहन को जबरदस्ती गाड़ी में बैठाने की कोशिश की। लेकिन उसके द्वारा मचाए जाने पर दोनों भाग गए। थाना सदर गोहाना की अनुसंधान टीम मे नियुक्त सहायक उप निरिक्षक राकेश ने अपनी पुलिस टीम के साथ नाबालिग लड़की की मजिस्ट्रेट के सामने कथन अंकित करवाकर महिला विशेषज्ञ व लीगल ऐड से काउंसलिंग करवाई। दूसरी तरफ पुलिस ने इस घटना में संलिप्त आरोपी अंकित पुत्र रामफल को गिरफ्तार कर लिया उससे इस घटना में प्रयुक्त गाड़ी बरामद कर ली गई। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## खबर संक्षेप



### अराइयांवाला जंगल से हजारों के खैर के पेड़ चोरी

**यमुनानगर।** तस्करों ने गांव अराइयांवाला के जंगल से हजारों रुपये के खेर के पेड़ काटकर चोरी कर लिए। पुलिस ने वन दरोगा की शिकायत पर अज्ञात खैर तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। कलेसर रेंज के वन दरोगा संदीप ने प्रताप नगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि गांव अराइयांवाला के जंगल में खैर के पेड़ लगे हुए हैं। 26 दिसंबर को उसे सूचना मिली थी कि चोरों ने जंगल से खैर के पेड़ चोरी कर लिए हैं। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचा। जांच करने पर जंगल से खैर के 11 पेड़ कटे मिले। जिनकी कीमत करीब 20 हजार रुपए है। उसने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात खैर तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### करोड़ों की रंगदारी मामला विदेश गैंग की आशंका

**सोनीपत।** बहालगढ़ स्थित न्यूट्रिशन फूड सप्लीमेंट कारोबारी वीरेंद्र पहल से पुर्तगाल के नंबर से दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगे जाने का मामला सामने आया है। कॉल करने वाले ने खुद को रोहित गोदारा ग्रुप से जुड़ा बताते हुए अपना नाम महेंद्र डेलाना बताया और धमकी भरे कॉल व संदेश भेजे। पीड़ित ने बताया कि सभी कॉल और मैसेज विदेशी नंबर से किए गए, जिन पर प्लस 351 कोड दर्ज है, जिसे पुर्तगाल का कोड माना जा रहा है। इससे संकेत मिल रहा है कि गैंग से जुड़े लोग विदेश में बैठकर नेटवर्क संचालित कर रहे हैं।

### बसपा की पूर्व प्रत्याशी मनसा को पुलिस ने रोका

**फरीदाबाद।** पीएम आवास का घेराव करने जा रहे बसपा मेयर पद की प्रत्याशी रही मनसा पासवान व उनकी टीम के एडवोकेट तरूण अरोड़ा सहित आधा दर्जन से अधिक लोगों को पुलिस ने हार्डवेयर चौक से बस में बैठा कर ले गई।

**कार्रवाई : मनाना गांव की पंचायती जमीन की बोली में लाखों का गबन मामला**

# महिला सरपंच और दो पंचायत सेक्रेटरी के निलंबन की सिफारिश

**धर्मपाल ने जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजेश शर्मा से शिकायत की थी**

**मनाना की सरपंच रेखा देवी पर 7.5 लाख रुपये के गबन का आरोप लगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा




पानीपत के समालखा खंड के गांव मनाना की सरपंच रेखा देवी पर 7.5 लाख रुपए के गबन का आरोप लगा है। यह आरोप पंचायती जमीन की बोली में हेराफेरी से संबंधित है, जिसका खुलासा खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) की जांच में हुआ है। वहीं, धर्मपाल ने इस संबंध में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजेश शर्मा से शिकायत की थी। शिकायतकर्ता धर्मपाल ने आरोप लगाया कि सरपंच ने 13 जून 2025 को हुई पंचायती जमीन की बोली में बड़ा घोटाला किया। वहीं, जांच में यह भी पाया गया कि सरपंच ने प्लॉट नंबर 15 और 42 की बोली भी अपने चहेते लोगों को दिखाई थी। इन प्लॉटों से संबंधित लगभग 7.5 लाख रुपए की राशि पंचायत के किसी भी खाते में जमा नहीं की गई। इधर, बोली के समय भुगतान समय पर जमा न कराने और राशि के गबन के लिए सरपंच रेखा, पंचायत सचिव शहजाद अली व पूर्व सचिव वंश को दोषी पाया गया है। तीनों को पद से निलंबित करने की सिफारिश की गई है।

### 7.5 लाख रुपये की हेराफेरी की पुष्टि


गांव मनाना की सरपंच रेखा देवी।

इसके अतिरिक्त, जांच में यह भी पाया गया कि सरपंच ने प्लॉट नंबर 15 और 42 की बोली भी अपने चहेते लोगों को दिखाई थी। इन प्लॉटों से संबंधित लगभग 7.5 लाख रुपए की राशि पंचायत के किसी भी खाते में जमा नहीं की गई।जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी के आदेश पर हुई जांच में सरपंच द्वारा 7.5 लाख रुपये की हेराफेरी की पुष्टि हुई है। बोली के समय भुगतान समय पर जमा न कराने और राशि के गबन के लिए सरपंच और पंचायत सचिव को दोषी पाया गया है।

### डीडीपीओ समालखा की जांच में गबन की पुष्टि

डीडीपीओ राजेश शर्मा ने शिकायत का संज्ञान लेते हुए बीडीपीओ समालखा को मामले की जांच के निर्देश दिए। जांच में सामने आया कि सरपंच रेखा देवी द्वारा शामलात भूमि के पट्टे पर दी गई जमीन की बोली की रकम समय पर जमा नहीं कराई गई थी। यह राशि कई महीनों बाद जमा की गई।

### राशि को सरकारी खजाने में जमा नहीं करवाया

जांच में यह भी सामने आया कि सरपंच व ग्राम पंचायत मनाना द्वारा पंचायत की राशि अपने पास रखी गई और समय पर सरकारी खजाने में जमा नहीं करवाई गई। रिकॉर्ड और प्राप्त बयानों के अवलोकन से प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए आरोप सही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि हरियाणा पंचायती राज अधिनियम, 1994 के तहत ग्राम पंचायत मनाना द्वारा पंचायत फंड अपने पास रखकर सरकार/पंचायत को वित्तीय नुकसान पहुंचाया गया।

### गुमराह के आरोप, पहले भी जारी हो चुके नोटिस

इसके अलावा, ग्राम सचिव पर विभागीय आदेशों की अवहेलना करने, जांच के दौरान आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत न करने और उच्चाधिकारियों को गुमराह करने के आरोप भी लगे हैं। पूर्व में भी इस मामले को लेकर खंड कार्यालय स्तर पर नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके चलते अब जिला परिषद की ओर से कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की गई है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद पानीपत ने संबंधित रिपोर्ट आगामी आवश्यक कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को प्रेषित कर दी है।

**पन्नी में मिली 256.13 ग्राम हेरोइन**

# 50 लाख रुपये की हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली



सिरसा। हेरोइन तस्करी मामले में पकड़ा गया आरोपी।

डबवाली पुलिस बड़ी कार्रवाई करते हुए 50 लाख रुपये से अधिक की 256.13 ग्राम हेरोइन तस्करी मामले में मुख्य तस्कर को शेरगढ़ से काबू किया है। आरोपी की पहचान गुरप्रीत सिंह पुत्र जगसीर सिंह उर्फ जग्गा निवासी लालूआना कोटलालू मानसा पंजाब के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दस हजार रुपये की ड्रग मनी भी बरामद की है। एएनसी स्टाफ प्रभारी एएसआई रणजोध सिंह ने बताया कि सीआईए स्टाफ डबवाली ने गुप्त सूचना के आधार पर लाल गोदाम रोड इंदिरा नगर मंडी डबवाली पर सडक़ किनारे खड़ी गाड़ी के पास पहुंचकर शक के आधार पर गाड़ी में मौजूद तीन आरोपियों गुरप्रीत सिंह उर्फ पित्ता पुत्र सिकंदर सिंह व गुरविंद्र सिंह उर्फ गिन्नी पुत्र बलदेव सिंह निवासी भागी बांदर थाना तलवंडी साबो जिला बठिंडा पंजाब और राजबीर सिंह उर्फ गोरा पुत्र महेंद्र सिंह निवासी माईसर खाना जिला बठिंडा पंजाब को काबू किया और नियमानुसार तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान गाड़ी के डैशबोर्ड से पारदर्शी पन्नी में मिली 256.13 ग्राम हेरोइन बरामद की गई।

### नेचुरल सिटी गैस के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नेचुरल सिटी गैस के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी करने के मामले में कार्यवाही करते हुए साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को काबू कर जांच में शामिल किया है। थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने बताया कि शिकायतकर्ता अभिमन्यु पुत्र मखनलाल निवासी रत्ताखेड़ा, जिला फतेहाबाद द्वारा साइबर पोर्टल पर 10 जून को शिकायत दर्ज करवाई गई थी। शिकायत में नेचुरल सिटी गैस नामक फर्म द्वारा औद्योगिक तेल सप्लाई के नाम पर 18 लाख 50 हजार की धोखाधड़ी किए जाने का आरोप लगाया गया था। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद में 10 जून को धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच के दौरान आरोपी अपूर्व मिश्रा पुत्र अजय मिश्रा निवासी रिपब्लिक क्रॉसिंग, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश जांच में शामिल हुआ। मामले की आगे की जांच जारी है तथा अन्य संबंधित व्यक्तियों व लेन-देन की गहनता से जांच की जा रही है।

# महिला से आभूषण-नकदी लूट का आरोपी काबू

**नशीली वस्तु सुंघाकर की वारदात, ज्वेलरी बरामद- दिल्ली से पकड़ा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


हिसार। पकड़ा गया आरोपी।

हिसार थाना सिविल लाइन पुलिस ने नशीली वस्तु सुंघाकर महिला से सोने के आभूषण व नकदी चोरी करने के मामले में मुख्य आरोपी सेंट्रल दिल्ली के आनंद पर्वत निवासी गौरव को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से लगभग सम्पूर्ण चोरी शुदा सोने के आभूषण बरामद किए है। सिविल लाइन थाना प्रभारी उप निरीक्षक कर्मजीत ने बताया कि इस संबंध में सातरोड कलां निवासी सुदेश ने शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार वह 23 दिसंबर को राजगुरु मार्केट जाते समय ऑटो में सवार हुई थी। रास्ते में एक महिला व दो युवक ऑटो में सवार हुए। आरोप है कि महिला द्वारा नशीली वस्तु सुंघाकर पीड़िता को अर्धचेतन अवस्था में कर दिया गया, जिसके बाद उसके सोने के आभूषण व बैग से 30 हजार रुपये चोरी कर लिए गए। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच करते हुए मुख्य आरोपी गौरव को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सोने का लॉकेट, सोने की चैन, कानों की बालियां और एक सोने की अंगूठी बरामद की है। आरोपी से अन्य साथियों की भूमिका, शेष आभूषणों व नकदी की बरामदगी को लेकर पूछताछ जारी है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

**अश्लील वीडियो बना कर ब्लैकमेल किया, आरोपी गिरफ्तार**

# महिला वकील के साथ एडवोकेट ने किया रेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत में मोहित कुहाड निवासी हुडा सेक्टर 17 ने कोर्ट में प्रेक्टिस करने वाली एक महिला वकील की अश्लील फोटो व वीडियो फोन के कैमरे में बनाई। वहीं मोहित ने वीडियो व फोटो सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी दे कर महिला वकील का यौन शोषण किया। इधर, महिला वकील ने मोहित कुहाड द्वारा उसके साथ लगातार किए गए दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग और जान से मारने की धमकियों से परेशान होकर शनिवार को थाना मॉडल टाउन पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने महिला वकील की शिकायत पर मोहित कुहाड पर केस दर्ज किए और महिला वकील के बयान दर्ज कर उसकी मेडिकल जांच करवाई। इधर, मोहित कुहाड को अपने पर केस दर्ज होने की सूचना मिल गई, इससे पहले की मोहित कुहाड फरार हो पाता, थाना मॉडल टाउन पुलिस ने शनिवार की देर रात को आरोपी मोहित कुहाड को गिरफ्तार कर लिया। इधर, रविवार को मोहित कुहाड की सिविल अस्पताल में मेडिकल जांच करवा कर उसे ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया। पुलिस का पक्ष जानने के बाद ड्यूटी मजिस्ट्रेट ने आरोपी मोहित कुहाड को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। मॉडल टाउन के थानेदार जगमेंद्र ने बताया कि महिला वकील ने शिकायत में बताया है कि करीब बारह माह पहले उसकी मोहित कुहाड़ से मुलाकात हुई थी। इसके बाद उनका घेरलू आवागमन हो गया। मोहित ने मौका पाकर घर में ही दबाव बनाकर महिला वकील के साथ दुष्कर्म किया और उसकी आपत्तिजनक फोटो खींच ली और उन्हें वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल करने लगा।

**गुरुग्राम में अपराधियों पर बड़ी कार्रवाई से हड़कंप**

# पुलिस ने अब तक 25 बैंककर्मी सहित 2,649 साइबर ठगों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

साइबर ठगी के मामलों में पुलिस ने वर्ष 2025 में 25 बैंककर्मी सहित 2,649 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया। हालांकि वर्ष 2025 में वर्ष 2024 के मुकाबले साइबर ठगी की शिकायतें अधिक दर्ज की गई, लेकिन एफआईआर कम दर्ज हुई हैं। इसके पीछे लोगों में जागरुकता को माना जा रहा है। पहले लोग साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराने के प्रति जागरुक कम थे। वर्ष-2024 और वर्ष-2025 के तुलनात्मक आंकड़ों का विश्लेषण यह स्पष्ट करता है कि पुलिस की तकनीकी दक्षता और त्वरित कार्यवाही से न केवल अपराधियों में खौफ पैदा हुआ है, बल्कि आमजन की मेहनत की कमाई को डूबने से बचाया गया है। दरअसल, पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा के निर्देशन में गुरुग्राम पुलिस द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम और अपराधियों के खिलाफ की जा रही प्रभावी कार्रवाई के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। अपराध पंजीकरण और त्वरित संज्ञान के मामले में गुरुग्राम पुलिस ने शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मुकदमों के पंजीकरण में तेजी दिखाई है। वर्ष 2024 में जहां साइबर ठगी की 40051 शिकायतें मिली थी, वहीं वर्ष 2025 में 41395 साइबर ठगी की शिकायतें सामने आई। हालांकि साइबर ठगी के मामले में पुलिस ने वर्ष 2025 में 1633 केस दर्ज किए जबकि वर्ष-2024 में कुल 1358 केस दर्ज किए गए थे।

### सर्विलांस के प्रयोग से गिरफ्तारियां बढ़ी

गुरुग्राम पुलिस ने तकनीकी सर्विलांस का उपयोग कर अपराधियों के नेटवर्क को ध्वस्त किया है। वर्ष-2024 में कुल 1868 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि वर्ष 2025 में 2649 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं साइबर ठगों से सांठगांठ करने वाले बैंक कर्मियों पर कड़ी कार्रवाई की गई है। वर्ष-2024 से अब तक गुरुग्राम पुलिस द्वारा कुल 25 बैंक कर्मियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया, जिनमें से 15 बैंक कर्मचारियों की गिरफ्तारियां वर्ष-2025 में की गई है।

**पंचायत** **किसी भी ग्रामीण ने निर्णय के विरुद्ध काम किया तो दोनों को गांव से बाहर रहना होगा**

**रतिया क्षेत्र के ब्राह्मणवाला की पंचायत का फरमान**

# पंचायत का अजब फैसला : गांव का लड़का गांव की लड़की और बहू से नहीं करेगा शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया


रतिया। गांव ब्राह्मणवाला के ग्रामीण बैठक करके फैसले की जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

क्षेत्र के गांव ब्राह्मणवाला की पंचायत ने गांव में एक पंचायत कर एक अजब फैसला लिया है। पंचायत ने निर्णय लिया है कि भविष्य में गांव का कोई भी लड़का गांव की लड़की या गांव की बहू से शादी नहीं करेगा। अगर किसी भी ग्रामीण द्वारा इस निर्णय के विरुद्ध काम किया तो शादी करने वाले दोनों पति-पत्नी को गांव से बाहर रहना होगा।

गांव के सरपंच प्रतिनिधि जीवन सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की पंचायत सरपंच कर्मजीत कौर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मौजूद ग्रामीणों ने कहा कि अक्सर देखा जा रहा है कि गांव के युवक गांव की ही बहू- बेटियों के साथ प्रेम प्रसंग व अन्य कारणों के साथ गुपचुप शादी कर रहे हैं जिससे समाज में गलत विचारधारा पनप रही है जो भविष्य में युवा वर्ग को गलत दिशा में लेकर जा रही है इसलिए गांव को इस सामाजिक बुराई से बचाने को लेकर ठोस निर्णय लेने होंगे। बैठक में मौजूद लोगों के विचार रखने के बाद ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि गांव का कोई भी युवक गांव की बहू बेटी से शादी नहीं करेगा और ऐसा करने वाले व्यक्ति को अपनी पत्नी सहित गांव से बाहर रहना होगा तथा उन्हें सहयोग देने वालों के खिलाफ भी ग्रामीण बैठक कर ठोस निर्णय लेंगे। बैठक में ग्रामीण जगतार सिंह, जग्गा सिंह, गुरतेज पाल सिंह, रेशम सिंह, हेमराज सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। एसडीएम सुरेंद्र सिंह ने ग्रामीणों के फैसले पर कहा कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है और कोई भी फैसला कानून के दायरे में ही लिया जा सकता है। अगर फैसला कानूनी प्रावधानों के खिलाफ होता है तो कानून अपना काम करेगा और कानून के विरुद्ध कार्य करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

